Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:40 बजे




सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:42 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 264 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025


केसरी 2 को लेकर अक्षय कुमार ने...पेज-3 पर

# इस सीजन हल्द्वानी से भी चलाए जायेंगे बड़े शटल वाहन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिलाधिकारी वंदना गुरुवार को नैनीताल क्लब सभागार में पर्यटन सीजन को लेकर विभिन्न विभागों, व्यापार मण्डल, होटल एसोसिशन,टैक्सी संगठन सहित अन्य संगठनों के साथ बैठक की।

नैनीताल में पर्यटन सीजन पर्यटन गतिविधियों पर जिला प्रशासन की नजर रहेगी। जिसके लिए कंट्रोल रुम बनाकर प्रशासन की ओर से शिकायत नंबर भी जारी किया जाएगा। शहर में टैक्सी, होटलों में ओवररेटिंग समेत पर्यटकों से अभद्रता समेत अन्य



अनियमितताओं पर अलग से गठित टास्क फोर्स नजर रखेगी।

इस सीजन में पर्यटक वाहनों का दबाव बढ़ने पर रानीबाग व गौलापार से बड़ी बसे व टेंपो ट्रेवलर भी संचालित किये जाने हेतु ट्रायल किया जाएगा । जिलाधिकारी ने पर्यटन सीजन की तैयारियो को लेकर आयोजित बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को कंट्रोल रुम व टास्क फोर्स बनाने, बड़े वाहन संचालन को शटल सेवा के रूप में ट्रायल करने, कैंची धाम के लिए प्रस्तावित बाइपास एवं मोटर पुल निर्माण में तेजी लाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने नैनीताल, भवाली, भीमताल, कैंची पर्यटन क्षेत्र में पर्यटन सुविधाओं को बढ़ाए जाने एवं यातायात व्यवस्था बेहतर किए जाने के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए पर्यटन सीजन को जाम मुक्त रखने के लिए सुझाव मांगे। बैठक में शहर में अवैध टैक्सी संचालन, पर्यटकों से अधिक किराया वसूली, कैंची धाम बाइपास निर्माण में सुस्ती, मेट्रोपोल में कूड़ा डंपिंग जोन बनने, कूड़ा वाहनों से जाम लगने का मुद्दा उठाया गया। इस बीच नैनीताल व कैंची धाम के लिए शटल सेवा से ही पर्यटकों को गंतव्य तक पहुंचाने पर सहमति बनी। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यटक वाहनों का दबाव बढ़ने पर रुसी बाइपास को विकल्प के रुप में प्रयोग किया जाएगा। कालाढूंगी रोड से आने वाले पर्यटकों को नारायण नगर व रुसी एक, हल्द्वानी रोड से आने वाले पर्यटकों के लिए रुसी दो, कैंची धाम जाने वाले पर्यटकों के ... शेष खबर पेज 3पर

## News कॉर्नर

### फोन हेक कर एक व्यक्ति के खाते से दो बार में 1.69 लाख रूपये निकाल उड़ाए



**रुद्रपुर।** अज्ञात व्यक्ति ने फोन हेक कर एक व्यक्ति के खाते से दो बार में 1-69 लाख रूपये निकाल लिए गये। इस मामलेमें रिपोर्ट दर्ज कराई गई। सुरेश कुमार पाल पुत्र रामनाथ पाल हाल निवासी मुखर्जी नगर जगतपुरा वार्ड 5, ट्रांजिट कैंप मूल निवासी राम लला रोड़, काकादेव, जिला कानपुर नगर ने पुलिस को बताया कि उसका फोन किसी अज्ञात व्यक्ति ने हैक करके उसके अकाउंट से 15 नवम्बर 2024 की रात्रि 98,000 रूपये ट्रांजक्शन कर लिए गये। जिसका उसके पास मैसेज भी आया, परंतु मुझे इस बारे में पता नही चला। जिसके बाद 17 नवम्बर 2024 को सुबह उसके अकाउंट से पुन: 98,000 हजार कट गये। उसने इस मामले में जानकारी की तब पता चला कि फोन हैक कर लिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सिडकुल से ट्रांजिट कैंप रास्ते से घर जा रही युवतियों से मारपीट

**रुद्रपुर।** सिडकुल की कंपनी से सहेली के साथ घर जा रही युवती को घेराबंदी कर उससे गाली गलौज करते हुए मारपीट की। मारपीट के दौरान युवती का पर्स भी कहीं गिर गया। पुलिस के मुताबिक साजिया पुत्री शब्बू खान निवासी इंदिरा कालोनी रुद्रपुर ने पुलिस को बताया कि 8 अप्रैल 25 को लगभग दोपहर डेढ़ बजे सहेली सुमाईला के साथ सिडकुल की कंपनी से ट्रांजिट कैंप के रास्ते से जा रहे थे। बताया कि रास्ते शिवनगर में किसी लुका नाम के लड़के ने उसके एक साथी ने रोका और गाली गलौज करते हुए मारपीट की। दोनो को खुली व गुम चोट आई है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी की। मारपीट के दौरान पर्स भी कही गिर गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार की वकालत

# वैश्विक मंच पर भारत सीट का प्रमुख दावेदार : आईजीएन अध्यक्ष

**संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली**

**एजेंसी**

यूएनएससी में सुधारों पर इंटरगवर्नमेंटल नेगोशिएशंस के अध्यक्ष तारिक अलबनई ने कहा कि भारत आज वैश्विक मंच पर एक प्रमुख खिलाड़ी है। परिषद के सदस्यों की संख्या 21 से बढ़ाकर 27 की जाएगी, तो निश्चित रूप से भारत इसमें दावेदार होगा और व्यापक सदस्यता के निर्णय के अधीन होगा।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में विस्तार का मुद्दा एक बार फिर उठा है। यूएनएससी में सुधारों पर इंटरगवर्नमेंटल नेगोशिएशंस (आईजीएन) के अध्यक्ष तारिक अलबनई ने कहा कि अगर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार होता है तो भारत सीट का प्रमुख दावेदार होगा। उन्होंने कहा कि सुधार परिषद का लक्ष्य प्रतिनिधित्वपूर्ण होना चाहिए। भारत आज वैश्विक मंच पर एक प्रमुख खिलाड़ी है। संयुक्त राष्ट्र 193 देशों का सदस्य है। यह विचार सभी के लिए और संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों के लिए प्रतिनिधित्वपूर्ण है। अलबनई ने कहा कि यदि यह निर्णय लिया जाता है कि परिषद के सदस्यों की संख्या 21 से बढ़ाकर 27 की जाएगी, तो



निश्चित रूप से भारत इसमें दावेदार होगा और व्यापक सदस्यता के निर्णय के अधीन होगा। सुधार की राह जटिल है, लेकिन हम आगे बढ़ने की दिशा में स्थिर और सार्थक कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1965 में निर्वाचित सदस्यों की संख्या में वृद्धि के अलावा सुरक्षा परिषद का पहला दौर 80 वर्षों से अधिक समय तक चला है। सुधार के बाद परिषद जो भी रूप ले, उसे अगली सदी तक टिकने के लिए डिजाइन किया जाना चाहिए, जो समावेशिता, पारदर्शिता, दक्षता, प्रभावशीलता, लोकतंत्र और जवाबदेही के सिद्धांतों पर आधारित हो। विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कितने सदस्य होने चाहिए, इसके जवाब में संयुक्त राष्ट्र में कुवैत के स्थायी प्रतिनिधि अलबनई ने कहा कि इस पर अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ है, लेकिन जो संख्या बताई जा रही है वह 21 से 27 सदस्य देशों के बीच है। उन्होंने कहा कि भारत का रुख हमेशा से ही टेक्स्ट-आधारित वार्ता की ओर जल्द से जल्द बढ़ने का रहा है। अलबनई ने कहा कि वे इस सत्र में सदस्य देशों द्वारा दिखाई गई गति से उत्साहित हैं। सुधार की भावना के लिए साहस और रचनात्मकता दोनों की आवश्यकता होती है, और सभी प्रतिनिधिमंडलों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है क्योंकि हम सुरक्षा परिषद सुधार के मुख्य तत्वों पर आम सहमति बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

# 26 को उत्तराखंड दौरे पर रहेंगे केंद्रीय मंत्री अमित शाह

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

26 अप्रैल को उत्तराखंड दौरे के दौरान केंद्रीय सहकारिता मंत्री देहरादून स्थित एफआरआई प्रेक्षागृह में भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड के कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आगामी 26 अप्रैल को उत्तराखंड के दौरे पर रहेंगे। वह देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे, इसके साथ ही वह सहकारिता विभाग की भी समीक्षा बैठक लेंगे। केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। विधानसभा स्थित सभाकक्ष में सहकारिता विभाग की बैठक में विभागीय मंत्री ने कहा कि 26 अप्रैल को उत्तराखंड दौरे के दौरान केंद्रीय सहकारिता मंत्री देहरादून स्थित एफआरआई प्रेक्षागृह में भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड के कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद केंद्रीय मंत्री उत्तराखंड सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे। जिसमें विभाग की ओर से राज्य में संचालित विभिन्न सहकारी योजनाओं, सहकारी बैंकों एवं समितियों की प्रगति सहित विभाग की ओर से किए गए नवाचारी



कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण दिया जाएगा। डॉ. रावत ने बताया कि बैठक में खासकर पैक्स समितियों के कम्प्यूटरीकरण, आधुनिक अन्नभण्डारण, जनऔषधि केन्द्र, ऑर्गेनिक बोर्ड, सहकार से समृद्धि योजना के सफल संचालन के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। इसके अलावा विभाग में किए गए नवाचारी कार्यों सहकारी बोर्डों एवं समितियों में महिलाओं को 33 फीसदी प्रतिनिधित्व, सहकारी बैंकों की महिला शाखाओं की स्थापना, माधो सिंह भंडारी सामूहिक खेती योजना, घस्यारी कल्याण योजना, प्रगतिशील किसानों का विभिन्न राज्यों में अध्ययन भ्रमण, एफपीओ के गठन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना सहित पैक्स कैडर सेवा नियमावली बनाए जाने की जानकारी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से केन्द्रीय सहकारिता मंत्री को दी जाएगी।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 29.86 लाख की ऑनलाईन धोखाधड़ी

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर एक महिला से 29,86,631रूपये की ऑनलाईन धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़िता निधि भल्ला पत्नी महेश भल्ला निवासी टीचर्स कालोनी काशीपुर ने बताया कि उसके पति की फेसबुक आईडी पर लगभग 1 माह पूर्व किसी अज्ञात फेसबुक से साक्षी यादव नाम की लड़की की फ्रेंड रिक्वेस्ट आयी जिसे पति ने स्वीकार कर ली। पीड़िता के मुताबिक साक्षी ने पति को शेयर ट्रेडिंग के बारे में बताया और व्हाटसअप पर चैटिंग शुरू की गई। कुछ समय बाद साक्षी यादव ने उसे एक व्हटसअप ग्रुप पर जोड़ा। इस ग्रुप में ट्रेडिंग से संबंधित लाभ हानि के बारे में जानकारी दी जाती थी। साक्षी ने पेमेन्ट के लिये व्हाटसअप ग्रुप पर बैंक खाते का विवरण उपलब्ध कराया जाता था। जिसमें पति ने धनराशि ट्रांसफर करने बाद उसका स्क्रीनशॉट दिया जाता था।। पीड़िता का कहना है कि उसके पति ने 3 अप्रैल 2025 से 7 अप्रैल 2025 तक कुल 29,86,631 रुपये की धनराशी आनलाईन स्थानान्तरित की गई।एप्लीकेशन पर लगभग 1 करोड 17 लाख रूपये का लाभ दिखाई दिया तो उपरोक्त एप्लीकेशन पर विड्राल की रिक्वेस्ट की गयी तो उनके द्वारा ट्रैक्स रूप में धनराशि की मांग की गयी।पति ने मना कर दिया तो उनके द्वारा ग्रुप से रिमूव कर दिया। उपरोक्त एप्लीकेशन पर भी आईडी ब्लॉक कर दी गयी। बाद में अहसास हुआ कि उसके साथ शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ऑनलाईन धोखाधड़ी हो गयी है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मौसम: अगले तीन दिन बारिश व ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

आज शुक्रवार 18 अप्रैल को देहरादून समेत उत्तरकाशी, टिहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग और चमोली जिले में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

उत्तराखंड में एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। आज शुक्रवार से अगले तीन दिन तक मौसम के बिगड़ने से मैदानी इलाको में गर्मी से राहत मिल सकती है। पर्वतीय इलाकों में ठंड का अहसास हो सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार इन तीन दिनों झोंकेदार हवा चलने का येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 18 अप्रैल को



देहरादून समेत उत्तरकाशी, टिहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग और चमोली जिले में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि अगले दिन 19 अप्रैल देहरादून समेत हल्द्वानी, पौड़ी, नैनीताल, चम्पावत और ऊधमसिंह नगर के कुछ क्षेत्रों में 50 से 60 किलोमीटर की तेजी से झोंकेदार हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि 20 अप्रैल को भी प्रदेश भर में मौसम बदला रहेगा। इसके अलावा इन 18 से 19 अप्रैल के दौरान प्रदेश के कई हिस्सों में तेज दौर की बारिश व ओलावृष्टि होने की भी संभावना है। केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा, बारिश, ओलावृष्टि और झोंकेदार हवाओं के चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। जिसके चलते मैदानी इलाकों में गर्मी से राहत मिलेगी और पहाड़ों पर ठंड का अहसास होगा।

# निर्माण कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल भवाली क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चल रहे सड़क निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए जाने के बाद विभागीय अधिकारियों ने स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवाली, अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई, जनप्रतिनिधियों तथा शिकायतकर्ताओं की उपस्थिति में यह निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि प्राइमर कोट की प्रक्रिया के दौरान सड़क की सतह पर जमी धूल-मिट्टी को पूरी तरह से साफ नहीं किया गया था, जिससे आगे होने वाले ब्लैक कोट की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। ग्रामीणों ने इस लापरवाही पर कड़ी आपत्ति जताते हुए मंगलवार को निर्माण कार्य रुकवा दिया। उनका कहना था कि इस तरह की कार्यप्रणाली से सड़क जल्द ही खराब हो सकती है, जिससे जनता को परेशानी झेलनी पड़ेगी। शिकायत के बाद विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की देखरेख में सड़क की सतह को पुन: साफ कर कोटिंग का कार्य दोबारा शुरू किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने मौके पर ही ठेकेदार को निर्देशित किया कि भविष्य में निर्माण कार्य पूरी तरह से मानकों के अनुरूप हो। खास तौर पर यह सुनिश्चित किया जाए कि प्राइमर कोटिंग से पहले डस्टर और कंप्रेशन मशीन की सहायता से सड़क की सतह की अच्छी तरह से सफाई की जाए। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि भविष्य में यदि इसी प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो ठेकेदार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल स्थानीय लोग सड़क निर्माण की मोटाई और गुणवत्ता को लेकर संतुष्ट हैं। निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है।



## NEWS / फटाफट

### पालिका वाहनों से सडक़ पर फैल रहा कचरा

**नैनीताल ।** नैनीताल से कूड़ा लेकर हल्द्वानी जा रहे पालिका के वाहनों से लगातार सडक़ पर कचरा फैल रहा है। सडक़ों पर फैले कूड़े व दुर्गंध से लोग परेशान हो रहे हैं, लेकिन लोगों की शिकायत के बाद भी पालिका की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। बता दें कि नैनीताल से पालिका के वाहन कूड़ा लेकर रोजना हल्द्वानी जाते हैं। वाहनों में ठीक तरीके से कूड़ा पैक नहीं होने के चलते रास्ते पर कई स्थानों पर वाहनों से कूड़ा गिर जाता है जिससे क्षेत्र में गंदगी फैलती है साथ ही दुर्गंध भी फैलती है। बीरवार को भी नैनीताल से हल्द्वानी कूड़ा लेकर जाते पालिका के वाहन से भारी मात्रा में बल्दियाखान में कचरा गिरकर सडक़ में फैल गया है, अब सडक़ में फैले से क्षेत्र में गंदगी फैल रही साथ ही दुर्गंध फैल रही है। मामले में पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल से बताया कि नैनीताल से कूड़ा लेकर हल्द्वानी जा रहे वाहनों को सही से पैक कर भिजवाने की व्यवस्था बनाई जाएगी। वाहन चालकों से ध्यान देने के निर्देश दिए जाएंगे।

### पार्किंग स्थल पर अब पर्यटकों को धूल से राहत मिलेगी

**नैनीताल ।** नैनीताल से सात किमीटर पहले रूसी बाईपास पार्किंग स्थल पर अब पर्यटकों को धूल से राहत मिलेगी। लगातार शिकायतों के बाद एडीबी ने सडक़ पर डामरीकरण कर दिया है। बता दें कि सप्ताहांत में रूसी बाईपास अस्थायी पार्किंग स्थल पर बिना होटल बुकिंग वाले पर्यटकों के वाहनों को रोक पार्क कराया गया। सडक़ पर खोदाई के कारण पर्यटक धूल से परेशान रहे। वहीं राहगीरों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसके बाद लोगों ने प्रशासन से खोदाई वाले क्षेत्र में डामरीकरण करने की मांग की। भीड़भाड़ के चलते क्षेत्र में विभाग डामरीकरण नहीं करा पाया। बीते दो दिन पर्यटकों की आमद कम होने पर विभाग ने डामरीकरण करा दिया है। अब क्षेत्र में पर्यटकों और लोगों को धूल से राहत मिलेगी। एडीबी के सहायक अभियंता अनिल परिहार ने बताया कि क्षेत्र में पाइप डालने के लिए लगभग डेढ़ किमी सडक़ की कटिंग की गई थीए लेकिन अब डामरीकरण कर दिया गया है।

### ममता बनर्जी के खिलाफ नारेबाजी कर उनका पुतला फूंका



**नैनीताल।** नैनीताल के चर्चित पंत पार्क में बीरवार को विभिन्न हिंदू संगठनों ने एकत्र होकर केंद्र सरकार द्वारा पास वक्फ बिल के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसक प्रदर्शन और दंगों में वहां पर हुई हिंदुओं के साथ बर्बरता तथा लूटपाट और हिदुओं के घरों में आगजनी की घटनाओं को शर्मनाक बताते हुए बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंका। जय श्री राम सेवक दल के कार्यकर्ताओं ने तत्काल प्रभाव से ममता बनर्जी से मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा बंगाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। पुतला फूंक रहे लोगों का कहना है अगर बंगाल में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति होती है नैनीताल में बंगलादेशी और रोहिंग्या शरणार्थियों को घर घर जाकर तलाश करके उन्हें यहां से खदेड़ा जाएगा। इस मौके पर मनोज कुमार, विनोद सिंह, सोनू बिष्ट, राजीव शाह, कुंदन तिलारा तथा प्रकाश नौटियाल आदि लोग मौजूद थे।

### देवीधूरा बसानी मार्ग पर कई स्थानों पर कीचड़, दिक्कत

**नैनीताल ।** बीरवार के तडक़े हुई बारिश के बाद देवीधूरा बसानी मार्ग पर कई स्थानों पर कीचड़ जमा हो गया है। जिससे राहगीरों और बाइक सवारों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि बारिश से देवीधूरा बसानी मार्ग कई स्थानों पर टूट गया था, कई जगह सडक़ पर गड्ढे हो गए थे। इसके चलते विभाग ने सडक़ से मलबा साफ कर धंसे हुए स्थान पर मिट्टी डाल दी। बीरवार को तडक़े बारिश की वजह से सडक़ पर कई जगह कीचड़ जमा हो गया। कीचड़ जमा होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों के साथ बाइक सवारों के भी गिरने का डर बना हुआ है। लोगों ने विभाग से सडक़ को कीचड़ मुक्त करने की मांग की है। पीएमजीएसवाई के ईई मनोज कुमार ने बताया कि सडक़ में जहां कीचड़ है, वहां पर रोड़ी डलवाई जाएगी। बताया कि अन्य जगहों से भी मलबा हटाया जा रहा है।



# रामा मॉन्टेसरी पब्लिक स्कूल के बच्चों को कराया भ्रमण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित रामा मॉन्टेसरी पब्लिक स्कूल के बच्चों को स्कूल प्रबंधन की ओर से पढ़ाई के साथ ही रचनात्मक कार्यक्रमों से जोड़ने के विशेष मकसद से पिकनिक का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को कई अहम जानकारियां दी गयी। इस दौरान कक्षा नर्सरी से कक्षा दो तक के बच्चों को स्कूल से करीब सात किलोमीटर की दूरी पर चारखेत के एंडवेंचर पार्क में ले जाया गया,वहां पर नन्हें-मुन्ने बच्चों ने झूले,रेलगाडी आदि में बैठकर खूब मौज मस्ती की। दूसरी ओर कक्षा तीन से लेकर आठवीं तक के बच्चों को बजून स्थित अधौड़ा (नैनीताल कैंप वाइल्ड लैंड) में ले जाया गया जहां से बच्चों ने प्रकृति के दिलकश नजारे का आनंद लिया,इस दौरान नैनीताल कैंप वाइल्ड लैंड की ओर से बच्चों के खेलने की पूरी व्यवस्था की गयी। स्कूल की प्रधानाचार्या नीलू एलहेंस के मुताबिक स्कूली बच्चों को पढ़ाई के साथ ही सह पाठ्यक्रमों से जोड़ने के मकसद से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# नियमितीकरण को 286वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन बीरवार को 286वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में जहां पर्यटकों को स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए-पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत पर्यटकों से पौधारोपण कराया जा रहा है, वहीं बीरवार को पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में हुए एक विवाह समारोह में पिथौरागढ़ के नैनीपातल निवासी स्वर्गीय मानीचंद के पुत्र ललित चंद व पिथौरागढ़ निवासी स्वर्गीय कृष्ण सिंह शाही की पुत्री रेनू ने परिणय सूत्र में बधने के बाद पौधारोपण आंदोलन से जुड़ते हुए एक पौधा धरती मां के नाम के तहत परिणय पौध पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ परिसर में लगाया। विवाह समारोह में शामिल बर पक्ष व कन्या पक्ष के लोगों ने इस मुहिम का स्वागत करते हुए कहा कि यह एक सराहनीय पहल है। ललित व रेनू ने कहा कि वह अब अपनी हर सालगिरह पर पौधारोपण करेंगे। कार्यक्रम में बर पक्ष तथा कन्या पक्ष के साथ-साथ पर्यटक भी उपस्थित रहे।




**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू रजपूत

# महिलाओं व लड़कियों को सैनिटरी पैड वितरित किए

नैनीताल

हमारे संवाददाता

आशीर्वाद वूमेन्स क्लब द्वारा बगड़ मल्ला तोक पाली में ग्राम प्रधान भगवती देवी के घर में ग्रामीण महिलाओं को एकत्रित किया गया। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं और लड़कियों को क्लब की वरिष्ठ सदस्य व सेवानिवृत प्रधानाचार्या रेखा त्रिवेदी ने स्वच्छता के संदर्भ में विस्तार से समझाया साथ ही मामले में घरेलू व वैज्ञानिक तथ्य भी समझाएं। इसी क्रम में क्लब के सदस्यों के द्वारा लगभग 35 महिलाओं तथा लड़कियों को सैनिटरी पैड वितरित किए गए।

इसके अलावा ग्रामीण महिलाओं व लड़कियों को वस्त्र, बेडशीट, कुशन कवर, सलवार सूट, स्टॉल, साड़ियां, जींस तथा टॉप इत्यादि क्लब के सदस्यों द्वारा वितरित किए गये। इसी क्रम में रामकृष्ण शारदा मिशन पंगोट की सामाजिक कार्यकर्ता प्रसन्न पुराना माताजी को भी आमंत्रित किया गया था। उनके द्वारा ग्रामीण महिलाओं को आश्रम में रोजगार हेतु तथा शारीरिक स्वास्थ्य और योग हेतु आश्रम में आने के लिए प्रेरित किया गया उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि खुशी दो और खुशी लो। इसी माह अप्रैल माह के भीतर ही क्लब के द्वारा ग्रामीण महिलाओं को विवाह हेतु तथा बच्चों के पढ़ाई के लिए स्टेशनरी वितरित की जाएगी। कार्यक्रम में क्लब की ओर से शोभा गुप्ता, रेखा कंसल, मोनिका शाह,रेखा त्रिवेदी, मानसी गर्ग, नीलू ऐलहेन्स तथा वर्षा व अंजली श्रीवास्तव आदि उपस्थित रही जबकि ग्रामीण महिलाओं में ग्राम प्रधान भगवती देवी, कमला देवी, राधा देवी, दीपा देवी, शांति देवी, सविता आर्य, हिमानी आर्य, किरण, संगीता आर्य, प्रेमा देवी, नीमा देवी, तुलसी देवी, दीपा देवी, गरिमा, प्रेमा, गंगा, रोशनी व आशा इत्यादि उपस्थित थी। अंत में केक काटकर सभी ग्रामीणों का मुंह मीठा करवाया गया।

# पूर्व सैनिक व सैन्य परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए तहसील स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किये

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में एडीएम पंकज उपाध्याय ने जिला सैनिक कल्याण परिषद की त्रैमासिक बैठक डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित हुई। बैठक में एडीएम ने कहा कि पूर्व सैनिक की समस्याओं का सामाधान करना सरकार व जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

एडीएम ने कहा कि पूर्व सैनिक व सैन्य परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए तहसील स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किये गये। ताकि उनकी समस्याओं को पंजीकरण कर प्राथमिकता से समाधान किया जा सकें। पूर्व सैनिक संगठनों ने कहा कि शहीदों के नाम पर जनपद में स्मृति द्वार के निर्माण किये गये है, जिनका रख-रखाव को नगर निकाय एवं पंचायतों को दिये जाने की मांग रखी। जिस पर एडीएम ने कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को दिये। सैनिक संगठनों ने कहा कि संगठनों की मीटिंग या अन्य कार्यक्रम करने हेतु प्रत्येक ब्लांक में सैनिक मिलन केन्द्र निर्माण हेतु नि:शुल्क भूमि उपलब्ध करायी जाये। जिसपर एडीएम ने पत्र बनाकर जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को भेजने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि सैनिक संगठनों की बैठक या अन्य कार्यक्रमों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था को एसडीएम व खंड विकास अधिकारियों को सभागार उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित कर दिया जायेगा। सैनिक संगठनों ने शस्त्र लाईसेंस नवीनीकरण व अन्य प्रदेशों बने लाईसेंस को ट्रांसफर कराने में आ रही कठिनाईयों से अवगत कराया। एडीएम ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि शस्त्र लाईसेंस नवीनीकरण व ट्रांसफर की ब्लाकवार सूची बनाकर प्रस्तुत करें, ताकि जिला स्तर पर समाधान हेतु कार्यवाही की जा सकें। सैनिक संगठनों ने कहा कि अज्ञानता के कारण बिना रजिस्ट्री वाली खरीदी गयी भूमि पर बैंकों द्वारा भूमि कब्जा सत्यापन के ऋृण दिया जाता है, जिसे रोकने की मांग की।

एडीएम ने लीड बैंक अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी बैंकों को निर्देशित करें कि ऋृण देने से पूर्व भूमि का सत्यापन अवश्य किया जाये। बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सीपी कोठारी, सीओ आरडी मठपाल, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ अभय सक्सेना, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार,ईई विद्युत उमाकांत चतुर्वेदी, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल,आरपी सिंह, पूर्व सैनिक गम्भीर सिंह धामी,बीएस नेगी,टीएस नेगी, एनडी जोशी, लाल सिंह, महिपाल सिंह,भगवान सिंह, दिवान सिंह कोरंगा, गंगा सिंह कार्की,हरमोहन सिंह बिष्ट,हीरा सिंह,भुवन सिंह जीना,दरवान सिंह आदि मौजूद थे।

# अभिमत

## रूढ़िवादी मानसिकता

***शादी का झांसा देकर कथित तौर पर दुष्कर्म मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में रूढ़िवादी मानसिकता काम कर रही है, क्योंकि पुरुष को ही दोषी ठहराया जाता है। यह हमारी व्यवस्था में खामी है। न्यायमूर्ति ने सबसे महत्वपूर्ण बात यह कही कि हम इसे सिर्फ एक नजरिये से नहीं देख सकते। हमें किसी एक लिंग यानि लड़का या लड़की से कोई लगाव नहीं है। व्यापक नजरिये से देखना होगा।***

न्यायपालिका अपराधियों को सजा सुनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि पीड़ित को न्याय से राहत भी पहुंचाती है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर स्वतः संज्ञान लेकर पीड़ित के प्रति न्याय किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने वर्तमान की सामाजिक समस्या तथा अनावश्यक किसी को उत्पीड़ित करने के मामले में फैसला करके देश की अदालतों में लम्बित अनेक मुकदमों के निपटारे के लिए परोक्ष रूप से दिशा-निर्देश दिया है। शादी का झांसा देकर कथित तौर पर दुष्कर्म मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में रूढ़िवादी मानसिकता काम कर रही है, क्योंकि पुरुष को ही दोषी ठहराया जाता है। यह हमारी व्यवस्था में खामी है। न्यायमूर्ति ने सबसे महत्वपूर्ण बात यह कही कि हम इसे सिर्फ एक नजरिये से नहीं देख सकते। हमें किसी एक लिंग यानि लड़का या लड़की से कोई लगाव नहीं है। व्यापक नजरिये से देखना होगा। उन्होंने प्रश्न किया कि इस मामले में क्या इतने कमजोर साक्ष्य के साथ दोषसिद्धि सुनिश्चित की जा सकती है? हम वास्तविकता को नजरअंदाज नहीं कर सकते। दरअसल जस्टिस एमएम सुंदरेश और राजेश बिंदल की पीठ ने ऐसे ही मामले में आरोपी युवक की अपील पर सुनवाई की। युवक की ओर से अधिवक्ता ने लड़की द्वारा दर्ज कराए गये दुष्कर्म के मामले को रद्द करने की मांग की। युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया गया, जिससे उसकी सगाई हो चुकी थी। न्यायमूर्ति ने लड़की से कहा, यदि आप इतनी भोली होतीं तो हमारे सामने नहीं आतीं। आप बालिग हैं। ऐसा नहीं हो सकता कि आपको यह विश्वास दिला दिया गया हो कि आपकी शादी हो जायेगी। न्याय पीठ ने स्पष्ट कहा कि आज नैतिकता, सद्गुणों की अवधारणा युवाओं के साथ अलग है। पुरुष प्रधान समाज की रूढ़िवादी मानसिकता के तहत महिलाओं को प्रताड़ित और कमजोर माना जाता है। महिलाओं की शिकायत पर अधिक ध्यान दिया जाता है। अपवाद स्वरूप महिलाओं का उत्पीड़न वर्तमान में हो रहा है, लेकिन शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की शिकायतों की भरमार के कारण युवकों का उत्पीड़न हो रहा है। समुदाय विशेष के युवकों पर पहचान छिपाकर शादी का झांसा देने और दुष्कर्म के मामले होते हैं। न्यायालय के फैसले में स्पष्ट किया गया है कि एक ही धर्म के युवक पर ऐसे आरोप में युवती को पूरी तरह निर्दोष नहीं ठहराया जा सकता है।

# स्वीकृत मल्टी स्टोरी कार पार्किंग का निर्माण कार्य फिलहाल रोकें: कोर्ट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल में ट्रैफि क नियंत्रण को लेकर दायर विभिन्न जनहित याचिकाओं की सुनवाई करते हुए मल्लीताल में स्वीकृत मल्टी स्टोरी कार पार्किंग का निर्माण कार्य फिलहाल रोकने को कहा है।

कोर्ट ने आईआईएम काशीपुर के निदेशक से ऐसे संस्थानों की सूची मांगी है जो नैनीताल की भार क्षमता का आंकलन कर सके । हाईकोर्ट ने सख्त लहजे में कहा है कि नैनीताल की सडक़ों की भार वहन क्षमता कम है इसलिये यहां ट्रैफिक नियंत्रण जरूरी है । मुख्य न्यायधीश ने शुक्रवार (आज) की सुबह स्वयं ट्रैफि क व अतिक्रमण का जायजा लेने मल्लीताल क्षेत्र में जाने की इच्छा जताई है । गुरुवार को मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ में ठाकुर इंटरप्राइजेज तथा सुमित जेठी व दीवान सिंह फ र्त्याल की याचिकाओं के साथ सम्बद्ध प्रो. अजय रावत, अधिवक्ता श्रुति जोशी व



स्वत- संज्ञान लेकर दायर दो जनहित याचिकाओं की एक साथ लम्बी सुनवाई हुई । इस मामले में बीरवार को होटल एसोसिएशन, व्यापार मंडल मल्लीताल तथा व्यापार मंडल तल्लीताल भी पक्षकार बने । मामले की सुनवाई के दौरान सीनियर सिटीजन मल्लीताल की ओर से स्वयं को पक्षकार बनाने का अनुरोध कर बताया गया कि मल्लीताल में मॉडर्न बुक डिपो के सामने मोटर साइकिल स्टैंड बन गया है जहां पर कई युवा नशा करते हैं और वहीं खुले में पेशाब करते हैं जिस पर कोर्ट ने एस पी ट्रैफि क से इस क्षेत्र का निरीक्षण कर वहां से वाहन हटाने को कहा । हाईकोर्ट ने सडक़ों में खड़े वाहनों को सख्ती से हटाने के पुन- निर्देश दिए । कहा कि सडक़ों के किनारे लावारिश स्थिति में खड़े वाहनों को हटाया जाए । कोर्ट में मौजूद एस पी ट्रैफि क डॉ. जगदीश चन्द्रा ने कोर्ट को बताया कि जिन वाहनों को क्रेन से उठाया जा रहा है उन्हें पार्क करने की जगह नहीं है । हाईकोर्ट के आग्रह पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश हुए आई आईएम काशीपुर के निदेशक प्रो. सोमनाथ चक्रवर्ती ने बताया कि आई आई एमएके 6 सदस्यीय दल ने नैनीताल समेत भवाली, भीमताल, कैंची तथा काठगोदाम का जायजा लेकर ट्रैफि क नियंत्रण के उपायों पर सर्वे किया है जिसकी रिपोर्ट एक हफ्ते के भीतर पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं को सौंप दी जाएगी । प्रो. चक्रवर्ती ने ट्रैफिक नियंत्रण के लिये शुरुआती सुझाव देते हुए कहा कि जगह जगह सी सी टी वी कैमरे लगानेए रानीबाग से शटल सेवा शुरू करने तथा रानीबाग से नैनीताल तक रोपवे निर्माण करनेए धार्मिक स्थलों में ऑन लाइन बुकिंग व्यवस्था चलाने व विभिन्न सरकारी विभागों में समन्वय बनाने से काफी हद तक ट्रैफिक नियंत्रित हो सकता है।

## टैक्सी चालक ने पर्यटक को जड़ा थप्पड़, कार्रवाई

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल क्षेत्र में पैर से टैक्सी का दरवाजा बंद करने पर टैक्सी चालक ने पर्यटक को थप्पड़ जड़ दिया। पर्यटक की शिकायत पर पुलिस ने टैक्सी चालक के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार लखनऊ से घूमने के लिए आए तीन पर्यटक कैंची धाम घूमने गए हुए थे,बीरवार को वापसी में भवाली से नैनीताल आने के लिए व टैक्सी में बैठे। नैनीताल पहुंचने पर टैक्सी से उतर कर पर्यटकों ने टैक्सी चालक को पैसे दिए और जाने लगे। इस दौरान टैक्सी चालक ने पर्यटकों से टैक्सी के खुले दरवाजे को बंद करने की बात कही। एक पर्यटक ने गाड़ी के दरवाजे को पैर से धक्का मारकर बंद कर दिया। इस पर टैक्सी चालक ने पर्यटक को थप्पड़ जड़ दिया। जिस पर मौके पर विवाद हो गया। विवाद के बाद पर्यटक ने पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने चालक को भी चौकी में बुला लिया। पूछताछ के बाद टैक्सी चालक ने अपनी गलती मान ली। एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि पर्यटकों से मारपीट करने पर गेठिया निवासी धीरेंद्र सिंह के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

## सडक़ किनारे वाहन पार्क करने पर 64 लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**नैनीताल** । यातायात नियमो का उलंघन करने वालों और सडक़ किनारे वाहन पार्क करने वाले 64 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। जिसमें चार वाहन सीज और 12 वाहनों को टो किया गया है। बता दें कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद नैनीताल में पुलिस ने सडक़ किनारे वाहन पार्क करने व प्रतिबंधित टैक्सी वाहनों को शहर में चलाने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी है। बृहस्पतिवार को भी पुलिस की ओर से तल्लीताल और मल्लीताल क्षेत्र में अभियान चलाया गया। इस दौरान तल्लीताल मुनादी कर सडक़ों से वाहन हटाए गए। साथ ही चालानी कार्रवाई भी की गई। वहीं मल्लीताल में भी सडक़ किनारे पार्क वाहनों को टो किया गया। एसओ रमेश बोरा और एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि तल्लीताल में यातायात नियमों का उलंघन करने वाले 28 लोगों के चालान व चार के वाहन सीज किए जबकि चार वाहनों को टो कर जब्त किया, वहीं मल्लीताल में 20 के चालान और आठ वाहनों को टो किया गया।

# गर्वनमेंट पेंशनर्स वैलफेयर आर्गेनाइजेशन उत्तराखंड की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

गर्वनमेंट पेंशनर्स वैलफेयर आर्गेनाइजेशन उत्तराखंड ने विभिन्न मांगों को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा है कि गोल्डन कार्ड योजना में ओपीडी में नि:शुल्क जांच, उपचार, नि:शुल्क जन औषधि, नि:शुल्क दवा, नि:शुल्क पैथोलॉजी जॉच सुविधा हेतु शासन में 6 जनवरी 2025 एवं 15 जुलाई 2024 को लिये गये निर्णय का शासनादेश जारी किया जाये। इसके साथ ही ओपीडी में समस्त शारिरिक जॉच उच्चकोटि के पैथोलॉजी लैब,डाइग्नोसिस सेंटर अनुबन्धित, चयनित अस्पतालों में नि:शुल्क,नि:शुल्क दवायें उपलब्ध कराई जाये। उत्तराखंड बनने से पूर्व पेंशनर्स का डीडीओ कोषागार था। उत्तराखंड बनने के बाद शासन ने पेशंनर्स का डीडीओ उसके सेवानिवृत्त कार्यालय (कार्यालयाध्यक्ष) रखा है। जिससे पेशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स को चिकित्सा उपचार बिलों का भुगतान सेवानिवृत्त डीडीओ को भेजने पड़ते है। बिलों के निस्तारण में काफी विलंब होता है। उत्तराखंड पेंशनर्स का डीडीओ कोषागार को बनाया जाये। ताकि चिकित्सा बिलों का भुगतान हो सके। स्वास्थ्य सचिव की अध्यक्षता में प्रकरण पर दिनांक 15 जुलाई 24 को सहमति हो चुकी है। शासनादेश निर्गत किया जाये। पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स जो माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय पर गोल्डन कार्ड योजना से बाहर चुके है। उनको प्रतिपूर्ति चिकित्सा उपचार की सुविधा दी गई है, परन्तु ये पेशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स पुन: गोल्डन कार्ड योजना में वापस आना चाहते है। उनको अन्तिम विकल्प का अवसर देकर योजना में सम्मिलित किया जाये। पेंशनर्स से सेवारत् कर्मियों के बराबर अंशदान वसूल किया जा रहा है। पेंशनर्स को 50 प्रतिशत व पारिवारिक पेंशनर्स को 30 प्रतिशत पेंशन मिलती है। पेंशनर्स से गोल्डन कार्ड अंशदान 50 प्रतिशत लिया जाए। अनुबंधित/चयनित अस्पताल गोल्डनधारी को अस्पताल में भर्ती नहीं कर रहे है। निजी चिकित्सालयों की नई सूची जारी की जाए। इसके अलावा राज्य सरकार के पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु प्रतिवर्ष 17 दिसम्बर पेंशनर्स दिवस हेतु प्रत्येक जिले में डीएम की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जाये। ताकि जिलास्तर की समस्याओं का निदान हो सके। पेंशनर्स को अतिरिक्त पेंशन 80 वर्ष से 20 प्रतिशत व 85 वर्ष में 30 प्रतिशत, 90 वर्ष में 40 प्रतिशत तथा 95 वर्ष में 50 प्रतिशत 100 वर्ष में 100 प्रतिशत अनुमन्य है। जिसे 65 वर्ष में 5 प्रतिशत 70 वर्ष में 10 प्रतिशत, 75 वर्ष में 15 प्रतिशत, 80 वर्ष में 20 प्रतिशत तथा तद्नुसार स्वीकृत किया जाये।कोराना काल में तीन डीए,मंहगाई राहत की किस्ते जनवरी, 2020 जुलाई 2020 एवं जनवरी, 2021 की फ्रीज की गयी है। उसका भुगतान किया जाये। पेंशनर्स जो 30 जून व 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हुए है। उन्हें भी उत्तर प्रदेश की तर्ज पर 1 जनवरी, 2006 से आच्छादित कर अप्रैल, 2023 से नोशनल एक वेतन वृद्धि का लाभ देकर पेंशन निर्धारित की जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष बीएल शाह, कोषाध्यक्ष सीबी घिल्डियाल, प्रदेश प्रवक्ता एसके नैयर, राजबहादुर शर्मा, डॉ बीपी गौर, केवीएस यादव, वीके शर्मा, केएस रावत, पनवेश गुप्ता, घनश्यामकांडपाल,सत्य प्रकाश यादव, विद्या, बीएस चौहान,दिग्विजय सिंह, विजय पाल, राम प्रसाद, कुशल पाल सिंह ,राज कुमार त्यागी, पीएस बिष्ट, महिला पेंशनर आशा सिंह, कलावती आदि शामिल रहे।

# फिल्मी दुनिया

## केसरी 2 को लेकर अक्षय कुमार ने फैंस से की भावुक अपील



*अक्षय कुमार की फिल्म केसरी चैप्टर 2 लंबे समय के बाद आखिरकार 18 अप्रैल को रिलीज हो गई है। हाल ही में इस फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग रखी गई थी, जिसमें अभिनेता ने अपने फैंस से एक खास अपील की। अक्षय कुमार, आर माधवन और अनन्या पांडे की बहुप्रतीक्षित फिल्म केसरी चैप्टर 2 द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। रिलीज से पहले बॉलीवुड हस्तियों के लिए एक खास स्क्रीनिंग रखी गई, जहां अक्षय कुमार ने फैंस से एक भावुक अपील की। यह फिल्म भारतीय इतिहास के सबसे दर्दनाक पन्नों में से एक, 13 अप्रैल 1919 को हुए जलियांवाला बाग नरसंहार की कहानी को बयां करती है। मीडिया से बात करते हुए अक्षय कुमार ने कहा, जब आप यह फिल्म देखने आएं तो शुरुआत को बिल्कुल न छोड़ें। यह मेरी सबसे अहम फिल्मों में से एक है। पहले 10 मिनट इस फिल्म का दिल हैं। मुझे यकीन है कि यह कहानी आपके दिल तक पहुंचेगी। जो लोग इस फिल्म को देखने का फैसला करेंगे, उन्हें पता चलेगा कि यह फिल्म सही समय पर आई है। इससे पहले दिल्ली में हुई एक और स्क्रीनिंग के दौरान अक्षय ने दर्शकों से एक और खास अनुरोध किया था। उन्होंने कहा था, मैं आप सभी से विनती करता हूं कि अपने फोन जेब में रखें और फिल्म का हर डायलॉग ध्यान से सुनें। यह हमारे लिए बहुत मायने रखता है। अगर आप फिल्म के बीच में इंस्टाग्राम चेक करेंगे तो यह फिल्म का अपमान होगा।*

### करण त्यागी ने बनाई फिल्म

*केसरी चैप्टर 2 का निर्देशन करण सिंह त्यागी ने किया है, जबकि करण जौहर इसके निर्माता हैं। रिलीज से पहले ही फिल्म काफी चर्चा में रही। खासकर तब जब त्यागी ने एक डॉक्यूमेंट्री का जिक्र किया। इस डॉक्यूमेंट्री में जनरल डायर की परपोती ने नरसंहार को जायज ठहराने की कोशिश की और निहत्थे लोगों को लुटेरा बताया था। त्यागी ने इस नजरिए को गलत और परेशान करने वाला करार दिया था।*

पेज एक का शेष...

## इस सीजन हल्द्वानी से भी चलाए...

...लिए भवाली सेनेटोरियम व भीमताल से शटल सेवा संचालित की जाएगी। वाहनों का दबाव अधिक बढ़ने पर इस सीजन रानीबाग व गौलापार से भी बड़े वाहनों का संचालन करने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए उन्होंने परिवहन विभाग को ट्रायल कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। रुसी बाइपास को लेकर उन्होंने कहा कि रोड सुदृढ़ीकरण कार्य के तहत पूर्व के निर्माणों को हटाकर एकरुपता वाले कार्य किये जाने है। उन्होंने बाइपास में सड़क को बेहतर करने के साथ ही बिजली, पानी, शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाए एक सप्ताह में जुटा लेने के निर्देश पर्यटन, लोनिवि एवं जिला पंचायत के अधिकारीयों को निर्देश दिए।

बैठक में संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक यातायात जगदीश चन्द्र, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, नवाजिश खलीक, आरटीओ गुरदेव सिंह होटल एसोसिएशन सचिव वेद साह, हारुन राशिद, दयाकिशन पोखरिया, हरीश राणा समेत अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे। गौलापार से भी बड़े वाहनों का संचालन करने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए उन्होंने परिवहन विभाग को ट्रायल कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। रुसी बाइपास को लेकर उन्होंने कहा कि रोड सुदृढ़ीकरण कार्य के तहत पूर्व के निर्माणों को हटाकर एकरुपता वाले कार्य किये जाने है। उन्होंने बाइपास में सड़क को बेहतर करने के साथ ही बिजली, पानी, शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाए एक सप्ताह में जुटा लेने के निर्देश पर्यटन, लोनिवि एवं जिला पंचायत के अधिकारीयों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक यातायात जगदीश चन्द्र, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, नवाजिश खलीक, आरटीओ गुरदेव सिंह होटल एसोसिएशन सचिव वेद साह, हारुन राशिद, दयाकिशन पोखरिया, हरीश राणा समेत अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।

News कॉर्नर

## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

**नैनीताल** । उत्तराखण्ड राज्य विधिक प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार तथा जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल बीनू गुलयानी के दिशा निर्देशन में यशवंत कुमार द्वारा राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ विद्यालय नैनीताल (निशांत) में साइबर अपराध तथा नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीडितों से और उनके परिवारों के लिए विशेष कानूनी जागरूकता विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रधानाचार्या श्रीमती तारा बोरा व अन्य गुरुजन उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण पर वैधानिक व नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जायेगी

**नैनीताल** । नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल ने कहा है कि उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड द्वारा 16 अप्रैल को प्रश्नगत याचिका में दिये गये निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद नैनीताल के अधिशासी अधिकारी दीपक गोस्वामी तथा अधिशासी अधिकार विनोद सिंह जीना व पालिका टीम तथा पुलिस प्रशासन की टीम द्वारा पालिका सीमान्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण पर चालानी कार्यवाही की गयी है। पालिकाध्यक्ष डा.खेतवाल के मुताबिक यह कार्रवाई उनके संज्ञान में लाये बगैर पालिका प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा 5000 रुपया प्रति व्यक्ति/प्रतिष्ठान चालानी कार्यवाही की गयी है जो कि जनहित में न्यायोचित नहीं है जिस पर समस्त जनता द्वारा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आक्रोश किया जा रहा है, जबकि उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों में यह कहा गया था कि संबंधित अतिक्रमणकारियों को पूर्व नोटिस एवं अनाउंसमेट करवाकर सूचित किया जाये कि उनके द्वारा किये गये अतिक्रमण को तत्काल निश्चित समय सीमा के भीतर अपने स्तर से हटा लिया जाय अन्यथा की स्थिति में आदेश का अनुपालन न होने की दशा में वैधानिक व नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जायेगी।

# चारधाम यात्रा में दिक्कतें न हो इसके लिए सरकार पूरी तरह से तैयार: सतपाल महाराज

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज बीरवार को नैनीताल में रहे। इस दौरान सतपाल महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार पूरी तरह से तैयार है, बोले कि जो भक्त चार धाम यात्रा पर आ रहे हैं उनके लिए रजिस्ट्रेशन किया जा रहे हैं,कहा कि अब तक 16 लाख से अधिक भक्तों ने केदारनाथ, बद्रीनाथ तथा गंगोत्री व यमुनोत्री और हेमकुंड साहिब आने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है। महाराज ने कहा कि यात्रा में किसी प्रकार की दिक्कतें न हो इसके लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है। कहा कि जिन जिलों से चार धाम यात्रा होकर गुजरेगी उन जिलों के लिए



सरकार ने 12 करोड़ 75 लख रुपए का बजट जारी किया है। यात्रा के लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है 30 अप्रैल को यमुनोत्री और गंगोत्री 2 मई को केदारनाथ और 4 मई को बद्रीनाथ धाम और 25 मई को हेमकुंड साहिब के कपाट भक्तो के लिए खोल दिए जाएंगे। अब तक यमुनोत्री धाम के लिए 2 लाख 79 हजार 697 जबकि गंगोत्री धाम के लिए 2 लाख 89 हजार 774 वही केदारनाथ धाम में 5 लाख 51 हजार 745 जबकि बद्रीनाथ के लिए 4 लाख 84 हजार 480। हेमकुंड साहिब में 23 हजार 494 भक्तों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के पदाधिकारियों व कर्मियों ने महासंघ के महासचिव कंचन चंदोला के नेतृत्व में सूबे के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज से भेंट की तथा नियमितिकरण कट आफ डेट 2024 को जल्द से जल्द जारी करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान चंदोला के साथ ललित सहाय, दीपक पांडे, देवेंद्र सिंह रावत, आसिफ तथा दीपिका कनवाल आदि मौजूद रहे।

### साधना ध्यान उपवन केंद्र का उद्घाटन किया

क्षेत्र के चौरसा में गुरुवार को कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने साधना ध्यान उपवन केंद्र का उद्घाटन किया। आनंद लामा ने उनका स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री ने उत्तराखंड में ध्यान लगाने के लिए लोगों से यहां पहुंचने की अपील की। कहा कि इससे ध्यान को लेकर पर्यटन की ओर बढेगा। उन्होंने आनंद लामा को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे सुदूर इलाके में ध्यान केंद्र स्थापित करके उपकार किया है। लोग यहां अपना व जगत का भला करेंगे। सरकार लगातार पर्यटन सीजन को लेकर काम कर रही है। ध्यान उपवन के आनंद लामा ने कहा कि ध्यान उपवन केंद्र से विश्व शांति का संदेश जाएगा। कहा उत्तराखंड में सुंदर स्थान है। उन्हें पहचानने की जरूरत है। यहां आकर सभी को शांति मिलेगी और सुख का अनुभव होगा। हर धर्म के लिए साधना ध्यान उपवन खुला है। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रताप बोरा, तारा सिंह भंडारी ने बेतालघाट की सडक़ों को लेकर कैबिनेट मंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एचएच द शाक्य गोंगमा, त्रिचेन रिनपोछे, एचएच द शाक्य त्रिजिन रत्न वज्र रिनपोछे आदि भी रहे।

# बैंक्वेट हॉल में छात्रा से प्रेमी व उसके दोस्तों ने किया गैंगरेप

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

हाई स्कूल की छात्रा के साथ गैंग रेप करने का मामला प्रकाश में आया है पीड़िता की मां ने मुखानी थाना पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। मुखानी थाना क्षेत्र स्थित दसवीं की छात्रा से एक बैंक्वेट हॉल में छात्रा को उसके प्रेमी ने बुलाया। जहां प्रेमी और उसके दो दोस्तों ने मिलकर छात्रा से गैंगरेप किया।

मुंह खोलने पर आरोपियों ने छात्रा को जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गए। मामला खुला तो पीड़िता की मां शिकायत लेकर मुखानी पुलिस के पास पहुंची। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। मुखानी थानाक्षेत्र में रहने वाली पीड़िता की मां के मुताबिक उनकी बेटी 10वीं की छात्रा है। एक दिन बेटी घर में रो रही थी और जब उन्होंने इसकी वजह पूछी तो पैरों तले जमीन खिसक गई। बेटी ने बताया कि वह एक लड़के से फोन पर बात करती थी। उसने प्यारा का झांसा दिया और बीती 6 मार्च को उसने मुखानी थानाक्षेत्र स्थित एक बैंक्वेट हॉल में मिलने के लिए बुलाया। बैंक्वेट हॉल में उसके दो दोस्त पहले से ही मौजूद थे।

पीड़िता का कहना है कि उसके प्रेमी ने बैंक्वेट हॉल में जबरन शारीरिक संबंध बनाए। जिसके बाद उसके दोस्तों ने भी छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने पीड़िता को धमकाया कि अगर किसी के सामने मुंह खोला तो वह उसे जान से मार देंगे। जिसके बाद डर की वजह से छात्रा किसी से कुछ नहीं कह पाई और जब घर में अकेली होती तो रोती रहती। बीते बुधवार को पीड़िता की मां ने उसे रोते हुए देख लिया। पूछा तो पहले पीड़िता इंकार करती रही, लेकिन बात में सब कुछ बता दिया। मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि पीड़िता के मेडिकल में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

### दो बच्चों के बाप ने नाबालिग को बनाया हवस का शिकार

**हल्द्वानी।** दो बच्चों के बाप ने 15 वर्षीय समुदाय विशेष की नाबालिग को हवस का शिकार बना लिया। किशोरी बनभूलपुरा क्षेत्र की रहने वाली है और आरोपी गौलापार का। इतना ही नहीं आरोपी ने किशोरी का मोबाइल छीन लिया और सोशल मीडिया पर उसकी इंस्टाग्राम आईडी से छेड़छाड़ कर डीपी पर अपशब्द लिख दिए। शिकायत पर एक बार पुलिस ने समझौता करा दिया था, लेकिन आरोपी बाज नहीं आया। बनभूलपुरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बनभूलपुरा में रहने वाली 15 वर्षीय पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि आरोपी गौलापार निवासी दो बच्चों का पिता रिंकू है। आरोप है कि रिंकू और उसकी बेटी की मुलाकात पिछले वर्ष अप्रैल में कालीचौड़ मंदिर के पास हुई थी। रिंकू से पीड़िता की दोस्ती पीड़िता की ही सहेली ने कराई थी। जिसके बाद दोनों के मिलने-जुलने का सिलसिला शुरू हो गया। थाना पभारी नीरज भाकुनी का कहना हैं कि आरोपी को जल्दी गिरफ्तार किया जाएगा।

# बीडी पांडे जिला अस्पताल में मॉकड्रिल का आयोजन किया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत अग्निशमन विभाग द्वारा फायर यूनिट उपकरणों के साथ राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में बृहस्पतिवार को अस्पताल कर्मियों को अग्निकांड के दौरान सुरक्षा एवं राहत बचाव को लेकर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत दमकल कर्मियों ने अस्पताल परिसर के कर्मचारियों को अग्नि से होने वाले खतरों तथा उससे सुरक्षा और बचाव की जानकारी देते हुए फायर सिलेंडर के उपयोग के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया और साथ ही मॉक ड्रिल का भी आयोजन किया गया। बताया कि उनके द्वारा होटल रेस्टोरेंट, सरकारी दफ्तरों में जाकर आग से जुड़े उपकरणों की जांच की जा रही है साथ ही अग्निशमन उपकरणों को चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

इस दौरान अग्निशमन अधिकारी हरनाम सिंह, प्रीति बिष्ट,फायर मैन भूपेंद्र सिंह नेगी, मोहन सिंह सहित अस्पताल मेट्रन शशिकला पांडे,देवकी, जितेश,सुषमा बेलवाल, पुष्पा वर्मा, शान्ति आर्य समेत नर्सिंग स्टाफ व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



# सीआरएसटी इंटर कॉलेज में विद्यालय उत्थान को प्रस्ताव पारित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित सीआरएसटी इंटर कॉलेज नैनीताल में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें विद्यालय के उत्थान के लिए विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए।

बैठक से पूर्व संस्था के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे ने कालेज परिवार की ओर से सभी का स्वागत किया। बैठक में विद्यालय में पाली हाउस का निर्माण, छात्रों को फ्लोरीकल्चर की ट्रेनिंग, मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहन, प्राइमरी स्कूल को सरकारी मान्यता प्रदान किए जाने की दिशा में कार्य तथा संगीत कक्ष का ध्वस्तीकरण तथा जिला विकास प्राधिकरण (डीडीए) से निर्माण की स्वीकृति, चतुर्थ श्रेणी के पद कर्मियों की सरकार से न मिलने पर विद्यालय स्त्रोतों से नियुक्ति आदि मुद्दों पर गहन से मंथन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रुप में मौजूद अपर जिलाधिकारी विवेक राय द्वारा जिला प्रशासन द्वारा स्कूल प्रबंधन को हर संभव सहयोग देने की बात कही।

बैठक में कुलपति कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल प्रो. दीवान सिंह रावत, पूर्व कुलपति तथा प्रबंध समिति सदस्य डॉ. पी के पांडे, पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल, प्रबंधक पद्मश्री अनूप साह, प्रबंध समिति सदस्य आलोक साह,प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे, सहयोजित सदस्य विनोद पांडे तथा शिक्षक सदस्य डॉ एस. एस. बिष्ट तथा रितेश साह उपस्थित थे। अंत में प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे ने सभी का विशेष आभार जताया।



## आरोपी पर किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

**रुद्रपुर।** चौकी आदर्श कालोनी क्षेत्र से एक किशोरी लापता हो गई। परिजनों ने युवक पर किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। परिजनों का कहना है कि 12 अप्रैल की दोपहर उसकी 15 वर्षीय पौत्री घर में बिना किसी को सूचित किये कहीं चली गयी और घर वापस नहीं आयी है। उसकी काफी खोजबीन की तो पता चला कि पुत्री को आलोक निवासी रतनफार्म नंबर-3, शक्तिफार्म, सितारगंज बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।

# कुमाऊं विवि में शैक्षणिक व्याख्यान प्रस्तुत किया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के आर्ट्स ऑडिटोरियम में बीरवार को डॉ. कैलाश सी. पांडेय (वैज्ञानिक एफ ए आईसीएमआर एनआईएमआर राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली) द्वारा एक शैक्षणिक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। बता दें डॉ. पांडेय एक जीव विज्ञान और प्रतिरक्षा विज्ञान के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं। उनका व्याख्यान मलेरिया निदान और वैक्सीन अनुसंधान में हालिया प्रगति विषय पर केंद्रित था। डॉ. पांडेय ने मलेरिया को एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में प्रस्तुत करते हुए अपना व्याख्यान आरंभ किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 83 देशों में लगभग 263 मिलियन मामले दर्ज किए गए हैं जिनमें से 94 फीसदी मामले और 95 फीसदी मृत्यु अफ्रीकी क्षेत्र में होती हैं। व्याख्यान में मलेरिया वैक्सीन के विकास पर चल रहे प्रयासों की विस्तृत समीक्षा भी प्रस्तुत की गई। उन्होंने विशेष रूप से डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुमोदित पहली मलेरिया वैक्सीन आरटीएसएस तथा ए एसओ 1 (मॉस्क्वीरिक्स) के विकास और कार्यान्वयन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रो. ललित तिवारी ने किया । इस मौके पर जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट ने सभी का स्वागत किया तथा संकायाध्यक्ष प्रो. चित्रा पांडे ने सभी का धन्यवाद किया। कुलगीत से प्रारंभ व्याख्यान का राष्ट्रगान से समापन हुआ,इससे पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। अंत में डा.पांडेय को प्रतीक चिन्ह व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# गार्ड ने दुकान के बाहर खड़े भाजपा नेता पर फायर झोंका फिर बंदूक से हमला किया

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

ट्रांजिट कैंप वार्ड 2 नारायण कालोनी में नशे में धुत्त बन्दूक धारी सिक्योरिटी गार्ड ने दुकान के बाहर खड़े भाजपा नेता रामधारी गंगवार पर पहले फायर झोंका और फिर बन्दूक से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे एक पुलिसकर्मी पर भी सुरक्षा कर्मी ने हमला कर दांतों से काट घायल कर दिया। जानकारी मिलते ही भाजपा नेता सुशील गाबा मौके पर पहुंचे और उन्होंने घायल भाजपा नेता रामधारी गंगवार पुत्र माखनलाल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक ट्रांजिट कैम्प



वार्ड 2 अंतर्गत नारायण कालोनी निवासीभाजपा ऊ रामधारी गंगवार बीती रात अपनी किराने की दुकान बंद कर रहे थे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे नशे में धुत्त एक सिक्योरिटी गार्ड ने बन्दूक से उन पर फायर कर दिया और भागने लगा। जिसमें वह बाल बाल बच गये। आसपास खड़े लोगों ने उसका पीछा किया और कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया। तभी सिक्योरिटी गार्ड ने रामधारी गंगवार के सिर पर बन्दूक की नाल से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर जब पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और उन्होंने सिक्योरिटी गार्ड को कब्जे में लेने की कोशिश की तो उसने पुलिसकर्मी को अपने दांतों से काट कर घायल कर दिया। बताया जा रहा है कि बाद में काफी मशक्कत के बाद सिक्योरिटी गार्ड को काबू किया जा सका।

घटना की सूचना पर समाजसेवी सुशील गावा मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल भाजपा नेता को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया । साथ ही उन्होंने मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस अधिकारियों से भी बात की। अस्पताल में सुशील गावा के साथ ही अन्य लोग भी पहुंचे। इधर रामधारी गंगवार की ओर से पुलिस को मामले की तहरीर दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।